पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने संगोष्ठी का उद्घाटन किया
सोशल मीडिया का उपयोग सकारात्मक दृष्टिकोण से करें - राज्यपाल

लखनऊः 27 अक्टूबर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज एमिटी विश्वविद्यालय लखनऊ में पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी आफ इण्डिया की लखनऊ शाखा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी 'सोशल मीडिया: जनसंपर्क की चुनौतियाँ तथा अवसर' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति मेजर जनरल (अवकाश प्राप्त) के0के0 ओहरी, सोसायटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डाॅ0 अजीत पाठक, लखनऊ शाखा के अध्यक्ष डाॅ0 अशोक शर्मा, सचिव सुश्री मोनालिसा चैधरी सहित विश्वविद्यालय के शिक्षण एवं छात्रगण उपस्थित थे।

राज्यपाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सकारात्मक दृष्टिकोण से सोशल मीडिया का उपयोग समाज के लिए वरदान है। सोशल मीडिया की ताकत समझने के बाद उपयोग करने का लाभ होता है। सोशल मीडिया के सही और असरदार उपयोग से प्रशासन में सुधार किया जा सकता है। सोशल मीडिया का विषय संवदेनशील है। इसलिए सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलू पर विचार करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देश एवं समाज के सामूहिक विकास के लिए सोशल मीडिया का प्रयोग करें।

श्री नाईक ने कहा कि सोशल मीडिया आज के युग में प्रासंगिक विषय है जिसका अपने आप में महत्व है। उन्होंने कहा कि वे उस पीढ़ी के हैं जब यह बहस होती थी कि यंत्र वरदान है या श्राप। उस समय कम्प्यूटर का विरोध होता था क्योंकि लोगों को लगता था कि कम्प्यूटर के कारण बेरोजगारी बढेगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से जनसंपर्क ने यह प्रमाणित कर दिया कि अच्छे संबंध एवं प्रसिद्धि के लिए यह एक महत्वपूर्ण साधन है।

राज्यपाल ने कहा कि जबसे संचार क्रांति और सूचना क्रांति प्रचलित हुई है, जीवन के लगभग हर क्षेत्र में मानव संसाधन प्रबंधन का महत्व बढ़ा है। देश के आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक विकास में संचार माध्यमों का अपना विशेष स्थान है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव सोशल मीडिया का उपयोग जनहित के कार्य में कुशलता से करते हैं। उन्होंने कहा कि आज के प्रगतिशील युग में कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी को सभी क्षेत्रों में अपनाने की आवश्यकता है।

श्री अजीत पाठक राष्ट्रीय अध्यक्ष पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी आफ इण्डिया ने कहा कि समय बदल गया है। देश के प्रधानमंत्री सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं। मौजूदा समय सूचना के अधिकार का समय है जहाँ पारदर्शिता एवं जवाबदेही में सोशल मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

संगोष्ठी में प्रति कुलपति मेजर जनरल (अवकाश प्राप्त) के0के0 ओहरी ने भी अपने विचार रखें। डाॅ0 अशोक शर्मा ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा सुश्री मोनालिसा चैधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर एक स्मारिका का लोकार्पण भी किया।

PRSI
Public Relations Society of India
Lucknow Chapter
AMITY UNIVERSITY
LUCKNOW CAMPUS
Welcomes
Chief Guest
OMAXE
Turning dreams into reality
SHRI RAM NAIK
Hon'ble Governor Uttar Pradesh
at

PRSI
Public Relations Society of India
Lucknow Chapter
AMITY UNIVERSITY
LUCKNOW CAMPUS
Welcomes
Chief Guest
OMAXE
Turning dreams into reality

Public Relations Society of India
Lucknow Chapter
AMITY UNIVERSITY
LUCKNOW CAMPUS
Welcomes
Chief Guest
OMAXE
Turning dreams into reality
OMAXE
Turning dreams into reality